service, compensation for the family of those who die while in service, pension for the children etc. have also been recommended.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please conclude.

SHRI MIS A R. GANESAN: Sir, only two minutes more.

The scheme would be financed with the existing corpus of Family Pension Fund, the employees deposit insurance linked scheme fund and further contribution at the rate of 8.83 per cent. The scheme would have to provide for full conversion of the existing employers' share of contribution at the rate of 8.33 per cent towards the pension fund and to convert the employees' share of contribution to the Provident Fund Account of the employees. Besides the contribution of 8.33 per cent, the Government will have to pay its share of contribution at the rate of 1.17 per cent of wages. This makes a total of 9.5 per cent as against the contribution of 8.33 per cent required for the scheme.

The amount of Rs. 3,538.51 crores as on 31.3.90 in the account of the present Family Pension Scheme will be converted as capital of the new New Pension Scheme. Such an accepted, novel, comprehensive New Pension Scheme which will definitely give a reasonably secure, retired life to over 1.5 crore industrial workers of this great nation, is pending with the Government for more than a year.

Hence, Mr. Vice-Chairman, through this Special Mention I urge upon the Government to bring some suitable legislation in this session itself for immediate implementation of the New Pension Scheme for the industrial employees covered under the Employees Provident Fund Act.

Thank you.

STATEMENT BY MINISTER

Bomb Explosion in a Mosque in Faizabad, Uttar Pradesh

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): According to the report received from the Government of Uttar Pradesh, the District Magistrate, Faizabad has informed U.P. Government on phone that in the morning of 31st March, 1992, around 4.45 A.M., a bomb exploded in an old mosque in Mohalla Kasai Bara in Faizabad city which was under renovation. The bomb explosion caused a hole in a wall in the rear part of the Mosque and cracks in the roof and other walls of the mosque, as well as cracks in three adjoining houses. Two persons sustained minor injuries; they were discharged from hospital after being given them first aid treatment.

The DM has informed that in this regard a case is being registered. It is not possible at this stage to indicate whether the bomb was hurled by some person or it had been planted in the mosque before the incident took place. The hand of terrorists does not seem to be involved; but it appears to be the work of some mischievous elements.

Immediately after the incident, there was some resentment among a section of the people and they demanded that the culprits be apprehended immediately.

The District Administration is fully alert, and patrolling by the Magistrate and police is being undertaken.

The District Magistrate, Faizabad has also stated that 60-65 persons offered prayers as usual in the mosque after the bomb explosion. There does not seem to be visible communal tension over the incident. The District Administration has also assured to the local public that it will identify the culprits and take strict action against them. Meanwhile, action is being taken to repair the damages caused to the mosque in consultation with the management of the mosque.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): It is a statement of facts and the Government appears to have relied upon the report received from the Administration of Faizabad. I cannot question the wisdom because it has to rely on some reports. One after another incidents are taking place in a specific area of Uttar Pradesh and it gives rise to tension not only in that part of the country, but in other parts of the country. The situation is very simple. While there is complaint of demolition of the Mandir, just at that point of time

[Shri Gurudas Pas Gupta] there is an explosion in a mosque. While the Mandir was being demolished and an explosion was taking place in a mosque, just at that point of time, an ex-Chief Minister of Uttar Pradesh, who was taking out a procession to protest against the communal behaviour of the Administration, was brutally assaulted by the police. If we combine these three elements together, then what occurs very reasonably to any secular Indian citizen is that something is seriously in default and the Administration of Uttar Pradesh cannot absolve itself of the responsibilities. The main question that arises is why it is only in and around Faizabad? Why it is in and around the Babari Masjid and Ram Janma Bhoomi area? In that particular area one after another incident is being allowed to take place. Why culprits are not being apprehended? This is one aspect. While a secular movement is being sought to be developed, police comes down heavily on them. Therefore, there is a serious default. I would request the Minister to kindly tell the House, whether according to his own judgement he believes that something is very seriously wrong there. It is not a omission. It is a commission. It is a deliberate commission. Therefore, if he believes that there is a serious deliberate commission, then, what in his own opinion should be the remedy.

I do not plead for the dismissal of the Government nor do 1 allow the Central Government to gloss over the incidents taking place in Uttar Pradesh. An elected Government cannot be dismissed. That is true. But what is the remedy to bring that Government to sense? The Government must be brought to sense. It is quite clear that the Government is senseless at the moment. That is, it has not yet come to sense. But it is senseless at the moment. That is why, one after another incident is taking place. I know the reason. The reason is the deliberate attempt of Uttar Pradesh Government to fan up communalisrn. If you allow the fanning up of communalisrn, if you allow the demon to come out of the cage, then, it is beyond your control. Since you are allowing demolition of the mandir since you are repeatedly telling the world that yes, I will shift the mosque and build a mandir, it is giving rise to a serious communal psychology and that communal psychology encourages the culprits to plant a bomb and that communal psychology is the reason why the police had let loose that terror. Therefore, the Uttar Pradesh Government can be squarely held responsible for being not sincere to the fundamentals of the Indian Constitution according to which they have been sworn into power. They are not sincere. Therefore, I do not plead for their dismissal. But something has to be done; otherwise it will have its fall out on the fragile secular fabric of the country. You understand that, Sir? *{Time bell rings)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Yes, I understand.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: The secular fabric is very fragile. Therefore, if it is allowed to be continued like this, who knows what will happen in Aligarh? Who knows what will happen in West Bengal? Who knows what will happen in Jammu and Kashmir? Therefore, the Government of India cannot have the luxury of glossing over the mistakes. At the same time, I call upon all the political parties to be seriously beware of the consequences. This is the timely signal. If we do not take care of the situation, then, a serious fall out may take place in the rest of the country.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Thank you, Mr. Gupta. Dr. Pandey, ask only clarifications.

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश में जो फैजाबाद की मसजिद में बम विस्फोट हुआ है उस पर गृह मंत्री जी का बयान मैंने सुना और पढ़ा। एक ओर जहां भूतपूर्व मुख्य मंत्री को ज़लील किया जा रहा है, आक्रमण किया जा रहा है उनकी टीम पर, मेरा आशय मुलायम सिंह यादव से है ताकि वह मंदिर परिसर में न जा पाएं। दूसरी ओर उसी जिले में भयानक बम विस्फोट अल्पसंख्यकों के पूजा स्थल पर हुआ है। जो बम विस्फोट हुआ, उसकी आवाज़ दो मील तक गई और जैसा वहां के अधिकारियों और अखबारों ने बयान दिया है 4.45 बजे सवेरे वह बम विस्फोट हुआ। अगर ठीक 5 बजे होता तो सैकड़ों लोग जो नमाज़ अदा करने जा रहे थे उनका अंत हो जाता। लगता है कि यह भायनक दंगा फैलाने की साजिश के तहत बम विस्फोट वहां किया गया है। ठीक 5 बजे बम विस्फोट होता तो आज कुछ दूसरी ही स्थिति वहां होती।

इस घटना को लेकर वहां सारी दुकानें मुसलमानों की बंद थी, व्यापारिक प्रतिष्ठान, खोमचे वालों ने भी दुकानें नहीं

लगाई। यहां जो घटना हुई उसमें यह कह कर कि कुछ शरारती तत्व जिम्मेदार हैं उत्तर प्रदेश सरकार अपना दामन साफ नहीं कर सकती। जांच चल रही है एक विशेष पुलिस दल के द्वारा। डी०एम० और एस०एस०पी० ने कहा है कि जब हम सच्चाई जान लेंगे तब ही कुछ करेंगे। धार्मिक स्थल के व्यवस्थापकों ने पुलिस में रिपोर्ट भी लिखा दी है। सबसे बड़ी चीज यह है कि जो धार्मिक स्थल को ध्वस्त करने के अपराधी है उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है, खुले आम घूम रहे है। इस साजिश का पर्दाफाश तभी होगा जब इस चीज को किया जाए। वहां पर हमारे निर्मल खत्री जी, सीताराम निषाद जी, विधायक मदन सिंह, महेन्द्र सिंह और डा० सत्येन्द्र त्रिपाठी सब अनशन पर बैठे हुए हैं। बम विस्फोट में जो कुछ हुआ है यह नियोजित साजिश है। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, साक्षी गोपाल मन्दिर जिसको तोड़ा था इन लोगों ने उसको देखने के लिए जब मुलायम सिंह यादव जा रहे थे तो क्यों रोका इनको और अन प्रतिनिधियों को, रिपेयर करा दिया। हमारे गृह मंत्री जी ने जो सात आदमियों की एक सर्वदलीय संसदीय टीम बनाई है वह वहां जाकर अपनी रिपोर्ट देगी इसलिए इन्होंने पहले से ही हाफ रिपेयर कर दी उस साक्षी गोपाल मन्दिर की। इस तरह से अयोध्या में साम्प्रदायिक ताकतों को खुले आम घूमने की छूट दी जा रही है। राज्य सरकार शहीद होने के लिए तैयार है। ऐसी स्थिति में कुछ न कुछ जल्दी से जल्दी किया जाना चाहिए। पिछले दिनों हमने धार्मिक स्थलों की 1947 की यथास्थिति बनाए रखने के लिए एक विधेयक पास किया था क्या उसका पालन अयोध्या में हो रहा है?

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर): क्लेरिफिकेशन पूछिये।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या इस तरह की केन्द्रीय सरकार के पास कोई जानकारी है कि बाबरी मस्जिद को भी इस तरह से बम से उड़ा देने की साजिश में वहां की सरकार लिप्त है, सरकार ही खुद दोषी है सब काम के लिए। वहां पर लालजी टण्डन जो मिनिस्टर है वहां गये। उन्होंने साक्षी गोपाल मन्दिर के ढांचे में खड़े होकर परिवर्तन कराया। इस तरह से सरकार खुद ही उन्माद और अल्पसंख्यकों में भय पैदा कर रही है और उनके ऊपर हिंसक आक्रमण कराने का कुचक्र रच रही है। उनकी धार्मिक भवानाओं, जजबातों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसको रोकने का कोई उपाय नहीं किया जा रहा है आतंकवादियों के हाथों ने नहीं लेकिन साम्प्रदायिक आतंकवादिओं ने जो वहां किया है वह उनके हाथों हुआ है। मैं यह जानना चाहता हूं कि आगे क्या बाबरी मस्जिद की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय सरकार कदम उठाने जा रही है? वहां ठीक है मजिस्ट्रेट ने 5 सेक्टर में पूरे शहर को बांट दिया। जब दंगा होता है...

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर): इस पर होम मिनिस्टर साहब बोलेंगे।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : लेकिन जो हुआ है उससे हम संतुष्ट नहीं है। वहां पर केन्द्रीय सरकार इन्टरवेशन करे। जैसी संसदीय समिति आपने बनाई है ऐसे ही केन्द्रीय सरकार अयोध्या के मसले को राष्ट्रीय समस्या बनाए तब जाकर बाबरी मस्जिद की सुरक्षा होगी और नहीं तो उसको ढहाने का कुचक्र उत्तर प्रदेश की सरकार रच रही है। इसका जीता-जागता नमूना फैजाबाद की यह मस्जिद है जिसमें सैकड़ों लोग कुर्बान हो गये होते अगर यह बम विस्फोट पांच बजे हुआ होता। मैं जानना चाहता हूं कौन सा बम रखा गया, किसने रखा, कहां से आया, किन शरारती तत्वों ने रखा इस बारे में क्लीयरकट जवाब दें।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश): श्रीमन् खोदा पहाड़ निकला चूहा---यह कहावत मशहूर है। बड़ा शोर मचाया जा रहा था, गृह मंत्री को परेशान किया गया कि यह सारी जानकारी दी जाए।

श्री ईश दत्त यादव : यह तो आपकी ही बी०जे०पी० सरकार की ही रिपोर्ट है जो गृह मंत्री जी ने दी है।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप सारे बातें सुनते नहीं हैं और अपनी बात कहते जाते हैं ...**(व्यवधान)** । यह खुशफहमी आपको होगी, मुझे नहीं है।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : वहां पर डायनेमाइट लगाकर मस्जिद को उड़ाने की कोशिश की गई और आप ऊटपटांग बातें कर रहे हैं...**(व्यवधान)** ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आपकी ऊटपटांग बातों का जवाब मेरे पास नहीं है। ऊटपटांग इरिलेवेन्ट होता है।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : यह संसदीय शब्द है।

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश): आपकी पार्टी ही ऊटपटांग है...**(व्यवधान)**

श्री जगदीश प्रसाद माथुर :*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Mr. Mathur, this is not fair. This will not go on record. I have already expunged it. *(Interruptions)*

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मेरे दल के किसी आदमी ने त्याग पत्र नहीं दिया है। त्याग पत्र वहां के आदमी ने दिया है। ऊटपटांग वहां हुआ है, मेरे यहां नहीं हुआ है।

एक छोटी-सी घटना है अच्छी नहीं हुई, ठीक बात नहीं हुई। इसमें यह सब लिखा है। अब लोग जोड़ने की कोशिश कर रहे है कि जैसे अयोध्या और फैजाबाद एक ही जगह पर है। फैजाबाद और अयोध्या के बीच में बहुत बड़ा अन्तर है।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश): केवल 6 किलोमीटर है।

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश): 5-6 किलोमीटर का दोनों शहरों में अन्तर है। दोनों शहर मिले हुए हैं। माथुर साहब वहां नहीं गये है। हम लोग तो वहां के रहने वाले हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Let him ask his clarification. *(Interruptions)* This is not a debate. *(Interruptions)*

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप उनके इरिलेवेन्ट शब्द सुन रहे हैं?

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर): आप भी कहेंगे तो हम एलाऊ कर देंगे।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैं नहीं कहूंगा। यहां पर तो अयोध्या और तथाकथित जो फैजाबाद की घटना है उसको

* Not recorded.

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

जोड़ने की कोशिश की जा रही है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जो छोटी सी घटना फैजाबाद में हो गई उसको अयोध्या के साथ जोड़ना अयोग्य है, अनुचित है, ठीक नहीं है। यह ठीक है कि मस्जिद में जो बम फेंका गया वह गलत है, खराब है। उस पर सरकार कार्यवाही कर रही है। लेकिन यह बात साफ है कि जहां पर मस्जिद मौजूद है वह पूरा मुसलमानों का मोहल्ला है...**(व्यवधान)**।

श्री ईश दत्त यादव: इसीलिए तो बम रखा गया है ताकि मुसलमान मरें।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : श्री ईश दत्त यादव और हमारे दूसरे साथी जो कह रहे हैं, इसमें सिर्फ यही होता है कि ऐसे कुछ लोग जो राजनैतिक स्थिति का लाभ उठाना चाहते हैं वहीं ऐसा करते हैं। जिस इरादे से एक बड़े नेता हजारों लोगों को ले जाना चाहते थे, पुराने मुख्य मंत्री ने 1990 में जो कुछ किया वह घटनायें सब को मालूम है। उन्होंने उस वक्त कहा था कि मैं एक पंछी को भी वहां नहीं घुसने दूंगा। उस वक्त वहां पर लाखों लोग पकड़े गये और सैकड़ों और हजारों जख्मी हुए और सैकड़ों लोग मारे गये। एक पुराने मंत्री महोदय अपनी फौज को लेकर वहां जाते हैं ...**(व्यवधान)**।

श्री ईश दत्त यादव : इरिलेवेन्ट के नाम पर सारी गलत बातें बोल रहे हैं।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: सारी दुनिया जानती है कि श्री मुलायम सिंह ने क्या क्या कहा था। ऐसे भूतपूर्व मुख्य मंत्री एलान करके जाते हैं और सैकड़ों लोगों को लेकर जाते हैं। यहां पर गृह मंत्री महोदय बैठे हैं। उत्तर प्रदेश की सरकार ने पहले ही कह दिया था कि श्री मुलायम सिंह वहां जा रहे हैं, हमें डर है कि वहां इससे तनाव होगा, इसलिए उनको रोकेंगे और उनको रोका गया। यदि कोई और आदमी होता, आप जायें, मैं जाऊं या कोई भी जायें, किसी को कोई रोक नहीं है। लेकिन इरादे साफ हैं जिसको कहते हैं खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे। स्थिति यही है। वहां पर पराजित हो गये और सारे इकट्ठे होकर एक तनाव का माहौल बनाना चाहते हैं। उस तनाव के माहौल को बनाने में मेरी पार्टी और मेरी सरकार का हाथ नहीं है, लेकिन लगता है कि यही लोग जिन्होंने 90 के अंदर हमले किये थे क्या इन्हीं लोगों का हाथ बम रखने में तो नहीं है?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please seek your clarifications.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : ये...**(व्यवधान)**...छोटी सी बात को बढ़ाना चाहते हैं। मैं गृह मंत्री से साफ कहना चाहूंगा कि क्या उनके पास कोई प्रमाण है? जो उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा है, उसके अलावा इस घटना के पीछे क्या कोई प्रमाण है, इतना ही मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा। ...**(व्यवधान)**... नहीं तो छोटी सी बात को बढ़ाने का मतलब सिर्फ उन इरादों को उजागर करना है, खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे की तरह से और बाकी जितने दल हैं वे एक सरकार को बदनाम करने के लिये ऐसी घटनाओं का आयोजन कर रहे हैं।

श्री रफीक आलम (बिहार): मस्जिद में बम फटा ...**(व्यवधान)**...

"مداخلت" شری رفیق عالم :- مسجد میں بم پھٹا

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर): आप पूछना चाहते हैं तो बाद में पूछ लीजिये। अभी उनको कहने दीजिये।

PROF. SAURIN BHATTACHARYA (West Bengal): Mr. Vice- Chairman, Sir, I do recognise or rather I will submit that this issue is a serious one and even in asking questions there should be some restraint since the condition in Faizabad or Ayodhya is really very, very surcharged. I think it should be a matter of introspection on the part of Mr. Mathur. I do not remember ever before having heard that a structure could be transported from one place to another. It was the BJP's associate VHP who has enlightened us on that point that a mosque may be transported from one place to another. Things like this are being repeated in connection with temples which are reported to have been demolished. What is the real status?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please seek your clarifications.

PROF. SAURIN BHATTACHARYA:' I am coming to the point, Sir. I will not take much time. These are the things that have occured and they must be taken together. A State Government is making a statement which is open to doubt. The State Government is not allowing Members of Parliament or Members of the Legislature to visit a particular place. It is not permissible under any law without promulgating section 144. How could it be done? That requires explanation. That explanation has not been given. It is confined to just one. That is not the total situation in Faizabad or ayodhya. I would, therefore, request the Home Minister to kindly throw some light on the situation that is obtaining there. My question would be very specific. The bomb is a highly explosive one. Of course, three other structures were affected, not only the mosque where it was situated. It is said that nobody knows how it came there, whether it was thrown or whether it was planted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please seek your clarifications.

PROF. SAURIN BHATTACHARYA: Therefore, on the type of bomb the Home Minister's statement is really the U.P. Government's statement. What it says is that it caused cracks in the roof and other walls of the mosque as well as cracks in three adjoining houses. Unless it was a powerful bomb it could not have happened. Can it be totally impossible to say from where it was thrown? It was the time which is very proximate to prayers. It has been said in the statement that 60-65 persons offered prayers as usual in the mosque after the bomb explosion. I don't know whether it is meant that it is usual to offer prayer after the bomb explosion. It might be so that in Faizabad things have come to such a pass that after the bomb explosion prayer is offered. Had 60-65 persons come a few minutes earlier, all of them might have been killed and ..

4.00 P.M.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): They have not been killed. You please seek clarifications.

PROF. SAURIN BHATTACHARYA: I want to know whether protective measures are taken or not. What I want to know is that about the total situation, about the state of the bomb, whether the Home Minister would enlighten us today, if it is not possible to do it today whether sometime later he will place—these are not the full facts—the full facts before the House.

SHRI SUKOMAL SEN (West Bengal): Sir, this incident of bomb blast in a mosque in Faizabad is a matter of deep concern for all of us. It is not an isolated event. It is one in the chain of events that has taken place in Uttar Pradesh concerning the Babri Masjid issue. Sir, the other day we discussed here about the UP Government action in clearing the ground, demolition of temples near Ayodhya mosque and constructing a wall around the mosque. Everything the UP Government is doing despite the court order in this connection, was discussed So, this bomb blast in a mosque, I feel, is also connected with the events that took place two days back near the Babri mosque. The UP Government has informed that it • is not the act of terrorists, but of some mischievous elements. Who can be the mischievous elements in this situation? They can be only fundamentalist and communal forces. I don't want to name them. Everybody knows who are the fundamentalist and communal forces. I mean the majority fundamentalist and communal forces. Minority fundamentalist forces are also there, and minority communal forces are also there. But in this case the majority fundamentalist and communal forces are active. They want to scare the minority community. They want to demolish the Babri mosque so that Rama temple can be constructed on the same place. Therefore, I want to know from the Home Minister whether this bomb blast in Faizabad mosque is an event connected with the intention of demolishing the Babri mosque and constructing Rama temple. Is this the handiwork of the same fundamentalist and communal forces who want to demolish the mosque and construct the Rama temple? Otherwise, who can be the mischievous elements? I want to know from the Home Minister whether not depending upon the UP Government, they are making other inquiries because it is a very serious matter. If something happens there, something more serious happens there, it can conflagrate the whole country, it can engulf the whole country. Communal tension can engulf the whole country. That is why the Central Government cannot sit idle. I would like to know from the Home Minister whether they will only depend upon the UP Government report or they will take effective steps so that no communal tension is built up in that area and no untoward incident happens and the fundamentalist and the communal forces are kept in check.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह स्पष्ट है कि इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार बिलकुल असफल हुई है। मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर, जितने भी उपासना स्थल है, धार्मिक स्थल हैं, उनकी सुरक्षा करना उत्तर प्रदेश सरकार का दायित्व है। आज कल रमज़ान का पाक महीना चल रहा है। सुबह रोज़ा शुरू करने से पहले सहरी होती है, उसके बाद नमाज़ होती है। इस मस्जिद के पास बम फेंका गया

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

या बम अंदर रखा गया, यह इस बात का सबूत है कि जो भी धार्मिक स्थल उत्तर प्रदेश में हैं खास कर फैजाबाद, अयोध्या में उनकी सुरक्षा की व्यवस्था उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से नहीं की गयी मैं एक चीज यह जानना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से क्या आपको जानकारी करायी गयी है कि फैजाबाद जिले में जो मस्जिदें, अयोध्या के आस पास पांच-छः किलोमीटर के अंतर्गत हैं उनकी सुरक्षा के लिए क्या सरकार की ओर से कोई विशेष व्यवस्था की गयी है या नहीं की गयी है। क्योंकि अगर कोई व्यवस्था की गयी होती तो वहां के जिलाधिकारी यह नहीं कहते कि अभी तक उनको यह नहीं मालूम है कि वहां पर किसी ने बम रख दिया या बम फेंक दिया जो घटना यहां पर घटी फैजाबाद में, कसाईबाड़ा मुहल्ले के पास मस्जिद को क्षतिग्रस्त करने की, इस के बहुत ही भयंकर दुष्परिणाम हो सकते हैं। साम्प्रदायिक तनाव भी हो सकते हैं, दंगे भी हो सकते हैं। मैं नहीं जानता हूं कि डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट की सूचना कितने बजे की है लेकिन गृह मंत्री के पैराग्राफ दो के प्रारम्भ के वाक्य में लिखा हुआ है कि जिला मैजिस्ट्रेट ने सूचित किया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज किया जा रहा है जिसको अंग्रेजी में आपने कहा कि—इसका मतलब यह है कि जब तक जिलाधिकारी ने आपके पास रिपोर्ट दी थी तब तक इस मामले के सिलसिले में पुलिस के पास कोई भी रिपोर्ट या एफ०आई०आर० दर्ज नहीं की गयी थी। तो मैं इस पर आपसे स्पष्ट जानकारी करना चाहता हूं कि क्या आपके पास इस बात से संबंधित कोई सूचना है कि अभी तक इस मामले में वहां के जिला कार्यालय की ओर से जो संबंधित थाना है वहां पर कोई रिपोर्ट दाखिल की गयी है या नहीं। अगर दाखिल की गयी तो उसके कन्टेंट्स क्या हैं।

दूसरा आपने अभी तीन चार दिन पहले अपने बयान में इस बात को कहा था कि पिछले सत्र में धार्मिक या जो उपासना के केन्द्र हैं उनकी सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार ने एक विधेयक पारित किया था। गृह मंत्री जी मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। पिछले तीन चार दिन पहले आपने बताया था कि पिछले सत्र में इसी संसद में जो धार्मिक उपासना के स्थल हैं उनकी सुरक्षा के लिए एक विधेयक पारित किया गया था लेकिन उनके संबंध में अब जब कार्य प्रणाली शुरू हुई तो यह जानकारी हुई कि उसके संबंध में केन्द्र सरकार को कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। आपने यह भी कहा था कि सरकार का विचार इस विधेयक में संशोधन करने का है। मैं यह जानना चाहता हूं कि जो आपने आश्वासन दिया था तो क्या इसी संसद के वर्तमान सत्र में उस विधेयक पर कोई संशोधन लाने वाले हैं अथवा नहीं लाने वाले हैं।

तीसरा, मेरा प्रश्न यह है कि वहां से यह सूचना आई है आपके पास कि केवल दो व्यक्ति घायल हुए हैं। समाचार पत्रों के पढ़ने से पता चलता है कि कम से कम 20-22 व्यक्ति वहां पर घायल हुए और दो व्यक्ति उसमें ऐसे हैं जो गम्भीर रूप से घायल हुए हैं जिनको अस्पतालों में भर्ती किया गया है। मैं जानना चाहता हूं कि इस संबंध में समाचार पत्रों में जो समाचार छपे हैं उनकी सत्यता के बारे में केन्द्रीय सरकार को क्या जानकारी है।

अंत में मैं अपनी शुरू वाली बात दोहराउंगा कि बाबरी मस्जिद और जितने भी वहां पर मन्दिर हैं या कसाईबाड़े वाली मस्जिद है इनकी सुरक्षा करने में उत्तर प्रदेश की सरकार पूरे तरीके से असफल हुई है। पिछले अक्टूबर नवम्बर के महीने में बाबरी मस्जिद का जो गुम्बद था उसके ऊपर चढ़कर लोगों ने त्रिशूल से आक्रमण किया और उसको क्षतिग्रस्त किया। पांच या छः मन्दिरों के बारे में सदन को जानकारी हो गयी है कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से या सरकार के प्रतिनिधियों की ओर से उनको क्षतिग्रस्त किया गया या कराया गया है। दूसरा यह जो वर्तमान मस्जिद है कसाईबाड़े के पास इसको भी क्षतिग्रस्त करने की घटना हुई है तो मेरा प्रश्न यह है कि ये जो उपासना के केन्द्र हैं इनकी सुरक्षा के संबंध में क्या सरकार अपनी ओर से कोई कार्यवाही करेगी क्योंकि उत्तर प्रदेश की सरकार तो असफल हो चुकी है।

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): The House will recall that I had brought this matter first to the attention of the hon. Members. The incident took place at 4.45 and by 10.30 I had received the information to bring it to the knowledge of the Chairman and the Government has now come with a statement. This is a matter which needs to be examined. This is such a sensitive issue. The Central Government should re-examine and evaluate why their information systems are so badly malfunctioning? What are the forces working to see that the Home Minister is informed in a slow process and not speedily. This is one aspect which I would like to bring to his knowledge.

This is a matter of shame that the Home Ministry is much slower than myself. An individual like me could get the information so quickly; but the Home Ministry was able to get the information only much later. It is now clear that in

the Uttar Pradesh Government, neither the masjid is safe nor the mandir is safe. They are bent on demolishing everything. In fact, they are bent on demolishing the Indian Constitution through and through. That is a matter which we are concerned with. And I would not like this matter to be taken lightly that some bomb had blasted in some corner. Earlier, when Mahatma Gandhi was at a prayer meeting and there was a bomb, that was dismissed lightly saying that some explosion took place. Ultimately, Mahatma Gandhi was assassinated by Nathuram Godse, who happened to be a member of the RSS. Therefore, I would not like this matter to be taken lightly.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप क्यों मिथ्या भाषण कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**

श्री शब्बीर अहमद सल्लारिया (जम्मू और कश्मीर) : आर० एस० एस० कहने से तकलीफ क्या हुई?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मुझे तकलीफ यह होती है कि यह जानते हुए भी गलत बात कर रहे हैं।

श्री शब्बीर अहमद सल्लारिया : वह आर०एस०एस० का था।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : नहीं था। मुसलिम लीग का आपने कहा, मुझे मालूम नहीं।

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Therefore, I think that this is an overall conspiracy that is being worked out in Uttar Pradesh. I would like to know whether the Home Minister would consider declaring the RSS as a terrorist organisation and take suitable action in this regard and also whether the Home Ministry would consider taking possesion of the Babri Masjid area and post the army, if necessary. Thank you.

SHRI MURASOLI MARAN (Tamil Nadu): I cannot share the view expressed by the hon. Member of the BJP that what had happened in Faizabad was a small and simple incident. It is a shocking incident; the game of communal frenzy has come out from the bottle in U.P. and what happened at Faizabad was one of the outcomes. The statement---------- 1 think that it is sent by the Uttar Pradesh Government ------ says, "The hand of the terrorist does not seem to be involved; but it appears to be the work of some mischievous elements." What has happened is much worse than terrorism. It is more barbarous than terrorism. What does it mean by mischievous elements"? Who are they? I would like to know from the hon. Minster whether they belong to any political organisation or any communal organisation. I would also like to know whether it is an isolated incident or there is an overall plan to bombard many places of worship, either masjid or Mandir. I am very sure that the bomb was not thrown by hand but it should have been planted. Considering the damage, it apperars like that. So I would like to know whether there is any conspiracy by any political organisation or a fundamentalist or any organisation to play the same game throughout Uttar Pradesh. Then, I am very sorry that they had said, "Immediately after the incident, there was some resentment among a section of the people." This is underrating the whole sentiment. They were very much shocked and were in deep grief. But they say, " there was some resentment." I don't understand their words. The Uttar Pradesh Government also seems to be vague in their reports. Last week, we had a report on Ayodhya. There also they said the same thing. Here also they say, "There does not seem to be visible communal tension over the incident." These things may not be visible now. It would be working underground and it might erupt like a volcano, "right from Kashmir to Kasnyakumari. I would like to know whether other mosques and mandirs are safe. Is the Uttar Pradesh Government taking adequate precautions'? Have you got information from the U.P. Government, a guarantee from the U.P. Government, that such things would not recur and effective preventive steps would be undertaken? Finally the statement ends saying: "Action is being taken to repair the damages caused to the mosque." I would like to 'know who is going to repair the mosque. Is the U.P. Government going to pay the money for the repairs? Or is the Central Government going to pay the money for it?

SHRI M.S. GURUPADASWAMY (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, I do not like to politicise the issue at all. I belong to a party which believes that religion should not be exploited for political purposes. My friend, Mr. Mathur, said that it was a small incident

[Shri M.S. Gurupadaswaniy] Mwhich was being blown up beyond all proportion. I wish he were true. If you read the statement you will find it yourself ----- it is a very small statement, a very concise statement--------that the explosion caused a hole in the rear part of the mosque and cracks in the roof and other walls of the mosque as well as cracks in three adjoining houses. So it is not a small explosion. The bomb might have been hurled or it might have been planted. That is a matter for investigation, I agree. But I would like to raise two issues before the Home Minister. One is whether it is part of a sinister design or whether he looks at it as an isolated event. That makes a big difference. I raise this issue because the atmosphere in the country, Particularly the atmosphere in U.P. is vitiated by communal tensions of various degrees. If there were no communal atmosphere, this could be interpreted as an isolated event, a simple event. So I would like to ask the Home Minister whether this an isolated incident or it is a signal for a chain of events to follow. If there had been killing of a person, though it is bad, I would have called it a simple event. A person was killed and it affected the family concerned. But the explosion was in the mosque.

The mosque belongs to the whole community. Therefore, I see a design in this, that the purpose is to encourage communal tension, to vitiate the atmosphere, to disrupt the harmony existing between different communities. This is one.

Second, the statement says that the district administration is fully alert. It is amazing. I think it is the lack of alertness which has caused this explosion. If the district administration had been alert, there would have been no incident at all of this nature.

I do not blame the Government at Lucknow, but I blame the district administration. How can they claim that they have been alert when such an incident took place? Therefore, the statement is not correct. I see a lack of alertness on the part of the district administration.

Sir, the incident is sought to be defused somewhat by the statement by the Home Minister that soon after the incident, about fifty to sixty persons offered prayers there in the mosque. I do not deny this statement because I do not know myself what is what about it. Sir, this is not the way. Why should he put this thing at all in this statement? He refers to one incident. There may be prayers and prayers later on and earlier also. That is not relevant. The point is that if the prayers had been there at that time, many people would have been killed.

My second point is that this incident should not be looked upon as a simple incident, as an isolated event. I do not want to politicise the issue, and I have already said that. But, at the same time, I reiterate my stand that no party, no Government, no administartion, should exploit communalisrn or casteism or institutions or religion for political purposes. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Now, Mr. Khaleelur Rahman.

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान (आन्ध्र प्रदेश): जनाब वाइस चैयरमेन साहब, हमारे होम मिनिस्टर साहब ने जो एक मजहूल किस्म का स्टेटमेंट दिया है, यह इंतहाई गैर-तसल्लीबख्श है। इंसीडेंट होने के कोई 36 घंटे बाद यह स्टेटमेंट दिया जा रहा है जोकि सिर्फ दो घंटे के भीतर भी दिया जा सकता था। दूसरी बात यह कि मैं माथुर साहब की बड़ी इज्जत करता हूं, मगर माथुर साहब का यह रिमार्क कि, "खोदा पहाड़ और निकला चूहा" बड़े अफसोस की बात है और मैं माथुर साहब से यह तवक्कू नहीं कर सकता था...**(व्यवधान)**...आप मुझे सुनिए।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैंने उस बात पर कहा है कि अयोध्या में मस्जिद को तोड़ा जा रहा है...**(व्यवधान)**...जिससे हिंदुस्तान में झगड़ा हो जाएगा। उसकी तुलना में उसको छोटा कहा है। वैसे तो कहीं भी किसी हिंदू मंदिर या मस्जिद को तोड़ना गलत है बहुत ही निन्दनीय है।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर): माथुर साहब, आप बैठिए।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : जिस प्रकार से फिजा बनायी जा रही है...

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर): माथुर साहब, आप बैठिए।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : जो फिजा बनाई जा रही है और कहा जा रहा है कि कलकत्ता में, बंगाल में झगड़ा हो जाएगा...**(व्यवधान)**...फिजा तो आप बना रहे हैं। यह गलत है।

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान : जनाब वाइस चैयरमेन

साहब, और यह बम कोई मामूली वाकिआ नहीं है। यह इंतहाई खतरनाक और सीरियस वाकिआ है। यह एक ताकतवर मालूम होता है जिससे कि मस्जिद की छत और दीवालों में क्रैक्स पैदा हो गए और इसके अलावा इसके एडजैसमेंट जो तीन मकानात हैं, उनमें भी क्रैक्स पैदा हो गए। इस बयान में यह भी कहा गया है कि दो आदमी जख्मी हो गए। तो मैं आनरेबल मिनिस्टर साहब से यह जानना चाहूंगा कि उस वक्त मस्जिद में कितने लोग मौजूद थे क्योंकि यह जो वाकिया है यह सुबह 4.45 यानी पौने पांच बजे का है और यह तो रमजान का महीना है। रमजान की 25 तारीख थी और 21 तारीख के बाद से हर मस्जिद में एतकाफ लोग बैठते हैं और सुबह पौने 5 बजे काफी लोग मस्जिद में मौजूद हो सकते हैं, इस बात का मुझे पूरा-पूरा एतमात है। लिहाजा मैं आनरेबल मिनिस्टर साहब से जानना चाहूंगा कि उस वत मस्जिद में कितने लोग थे? दूसरी बात यह कि इस स्टेटमेंट में यह भी बताया गया है कि वाकिया होने के सिर्फ 45 मिनिट के अंदर यहां सुबह फजर की जो नवाज होती है, वह कोई साढ़े 5 बजे फजर की नवाज होती है और आप कह रहे हैं कि उस फजर की नवाज में 60-65 लोग शामिल हुए। जनाब वाइस चैयरमेन साहब, यह इतना जबर्दस्त वाकिया है कि जिससे मस्जिद की छत तक दहल गयी और 45 मिनिट के अंदर ही यह कहा जा रहा है कि 60-65 लोगों ने नवाज पढ़ी।

मैं समझता हूं कि आपको जो इन्फोरमेशन वहां की स्टेट गवर्नमेंट से मिली है, वह इन्फोरमेशन तसल्लीबख्श नहीं है, काफी नहीं है। आपका फर्ज यह है कि आप अपनी एजेन्सी के जरिए वहां से मालुमात हासिल करें। और, इसमें यह कहा गया है कि मस्जिद की मरम्मत की जा रही थी, मस्जिद का रेनोवेट किया जा रहा था तो हम जानना चाहेंगे कि मस्जिद का कौनसा हिस्सा रेनोवेट हो रहा था? क्या तामीर मस्जिद का हो रहा था? फिर, मस्जिद की मरम्मत जो की जा रही है, उस पर कितना पैसा दरकार है? कितना एस्टीमेट बनाया गया है? यह भी हम आपसे जानना चाहेंगे ताकि इससे वाक़ये की सिवेरिटी मालूम हो सके। शुक्रिया।

†Transliteration in Arabic Script.

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : श्री राम अवधेश सिंह।

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार) : मान्यवर, यह अभी माथुर साहब ने कहा कि एक फिजा बनाई जा रही है हमारे खिलाफ में, और, कहा कि...

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर): माथुर साहब की बात जाने दीजिए, आप स्टेटमेंट के ऊपर पूछिए।

श्री राम अवधेश सिंह : इसी से संबंधित है, मान्यवर, मैं यह कह रहा हूं कि यह बताना चाहिए कि फिजा क्या नकली ढंग से हो रही है? क्योंकि अगर मंदिर नहीं टूटता और मंदिर टूटने की बात कही जाती तो कहा जाता कि फिजा बना रहे है। यह बम विस्फोट न होता और बम-विस्फोट की बात कही जाती तो कहा जाता कि फिजा बना रहे हैं हमारे खिलाफ। लेकिन, मान्यवर, एक मंदिर, दो मंदिर, नहीं

[श्री राम अवधेश सिंह]

पांच-छह मंदिरों का तोड़ा जाना वह किस बात का सबूत है? क्या कोई फिजा बनाने की नकली बात है?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : यह गलत बात है। मंदिर टूटे ही नहीं हैं। अखबार में, हम कह रहे हैं कि मंदिर नहीं तोड़े गए हैं। आप ख्वामख्वाह कह रहे हैं। इसलिए कह रहा हूं कि आप फिजा बना रहे हैं। ...**(व्यवधान)**

श्री राम अवधेश सिंह : मान्यवर, कल मैं लखनऊ में था। लखनऊ में "आज" दैनिक अखबार के संपादक मंडल के एक प्रतिनिधि ने मुझसे भेंट करके कहा-"आप लोग क्यों चुप है?" हमने कहा-"क्या बात है, भाई"। क्या संविधान में मन्दिर और मस्जिद, दोनों, की रक्षा की बात नहीं है। यह धर्म-निरपेक्ष राज्य का काम नहीं है, मंदिर की भी रक्षा करना और मस्जिद की भी रक्षा करना? क्या मस्जिद की रक्षा करने में सरकार फौज लगाएगी, जैसे मुलायमसिंह की सरकार ने लगाई और मंदिर की रक्षा पर कुछ नहीं होगा?

मान्यवर, आश्चर्य इस बात नहीं है बल्कि आश्चर्य इस बात है कि कल्याण सिंह जी ने कहा कि हमको जनादेश मिला है मन्दिर बनाने का, लेकिन मान्यवर, मंदिर बनाने का जनादेश मिला है, मंदिर तोड़ने का जनादेश तो नहीं मिला। यह जो मंदिर तोड़ने का काम कर रहे हैं, यह मेरी समझ के बाहर है। इसका जनादेश तो नहीं मिला है। यह तो अपने जनादेश के अनुसार काम कर रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ा आश्चर्य यह है कि दिल्ली सरकार क्या कर रही है? दिल्ली सरकार का कुछ संवैधानिक दायित्व है या नहीं है? कलयाण सिंह जी तो अपने घोषित कार्यक्रम के अनुसार चल रहे हैं, भले ही प्रतिकूल है, बनाने का जनादेश है और तोड़ने का काम कर रहे हैं। क्या दिल्ली सरकार खामोश बैठी रहेगी? क्या अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा नहीं करेगी या करेगी? क्योंकि इससे अच्छा मौका नहीं आएगा।

मान्यवर, अगर मन्दिर नहीं तोड़े जाते और केवल बम मस्जिद में रखा जाता तो मेरे मन में शंका हो सकती थी कि शायद कांग्रेसी राजनैतिक कुचक्र को, मस्जिद में बम ब्लास्ट करके ऐसी फिजा बनाओं और सरकार तोड़ने का बहाना करो। लेकिन, मंदिर साथ-साथ टूट रहे हैं और मस्जिद में बम रखा जा रहा है, इससे लगता है कि यह बनावटी कांग्रेस की ओर से नहीं है। मेरे जैसा आदमी कांग्रेस के चरित्र से बहुत घबराता है क्योंकि हम समझते है कि यह बहुत जाल बुना करते हैं सरकार को गिराने के लिए, इधर से उधर कुछ करते रहते हैं, लेकिन मंदिर भी टूट रहे हैं, मस्जिद में बम भी रखा जा रहा है, इससे मेरे जैसा आदमी साफ-साफ समझ सकता है कि यह कांग्रेस की ओर से कुचक्र नहीं है बल्कि यह कुचक्र विशुद्ध रूप से भा.ज.पा. की ओर से है।...**(समय की घंटी)**... मैं यह कहना चाहता हूं...**(व्यवधान)**

डा० रत्नाकर पाण्डेय : इनके पास कुछ कहने को भी नहीं है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please conclude. There are so many who want to ask questions.

श्री राम अवधेश सिंह : एक बात और मैं पूछना चाहता हूं, मान्यवर, यह जो कार्रवाई हो रही है वह हिन्दू फिलॉस्फी के बिल्कुल विपरीत है। हिन्दू फिलॉस्फी है कि सभी में ईश्वर रहते हैं। तो क्या पुराने मंदिर में यह छोटे मंदिर में हनुमान जी की, लक्ष्मी जी की, शंकर जी की महिमा कम रहती है और बड़े व नये मंदिर में ज्यादा रहती है? तो यह हिन्दू फिलॉस्फी के बिल्कुल खिलाफ काम किया जा रहा है। देश में एक साइक्लोजी तैयार की जा रही है कि हम मंदिर तोड़ सकते हैं तो मस्जिद भी तोड़ सकते हैं। यह असल मूल भावना है इसके पीछे। मंदिर तोड़ने में और दूसरी बात नहीं है। वह दसों मंदिर तोड़कर यह बताना चाहते हैं कि जब हम अपना मंदिर तोड़ देंगे, पूजा-स्थल तोड़ देंगे तो तुम्हारा पूजा स्थल क्यों नहीं तोड़ेंगे, यह है मूल साइक्लोजी। मान्यवर, इसलिये मैं गृह मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या आप अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा करेंगे और धर्मनिरपेक्ष राज्य की जो सही भूमिका होती है, उसको निभायेंगे? अब यह मौका आ गया है कि धारा-356 का इस्तेमाल किया जा सके और मंदिरों को तोड़ने से बचाया जा सके। अभी तो मस्जिद तोड़ने की बारी आयेगी तब, मंदिरों को तोड़ने से नहीं रोक पायेंगे तो मस्जिद तोड़ने से भी आप नहीं रोक पायेंगे। **(समय की घंटी)** क्योंकि मुलायम सिंह की सरकार 30 अक्तूबर को नहीं रोक पायी मस्जिद के गुम्बद को तोड़ने से ...**(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : Don't make it a debate.

आप बैठिए, आपके पास क्या है? कुछ पूछना है क्या?

श्री राम अवधेश सिंह : यह हनुमान पंथी लोग बजरंग दल के लोगों ने उस अनेक प्रयासों के बाद, मुलायम सिंह की सरकार के रोकने के बावजूद मस्जिद का गुम्बद तोड़ दिया। इतनी कड़ी व्यवस्था के बाद जब वह तोड़ सकते हैं और अब तो उनकी ही सरकार वहां पर है, तो वह घेरा में डालकर के आज मंदिर तोड़ रहे हैं, कल मस्जिद तोड़ देंगे। इसलिए मैं आपको सावधान करना चाहता हूं कि मंदिर टूटते समय ही रोकिए ताकि मस्जिद टूटते समय आपको हाथ न बढ़ाना पड़े। यही मुझको कहना है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR). : Smt. Satya Bahin. Please ask the clarifications. Let us not convert it into a debate.

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, मैं बिल्कुल संक्षेप में बोलूंगी। वैसे उत्तर प्रदेश के हलात तो बिल्कुल बेकाबू हो चुके हैं और यह जो माननीय गृह मंत्री जी का बयान आया है, उत्तर प्रदेश सरकार ने जो सूचना दी है, वह बिल्कुल भ्रामक है। सरकार को भी भ्रमित किया है और पूरी तरह से अपनी जो काली-करतूतें हैं, उसको छिपाने की कोशिश की गयी है। मान्यवर, जहां तक मेरी जानकारी है, वहां पर पूरा ही क्षेत्र प्रतिबंधित कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति फैजाबाद और अयोध्या के अन्दर नहीं जा सकता, जिससे कि उनकी काली-करतूतों का बाहर कुछ पता चल सके। तो मेरा निवेदन यह है कि क्या माननीय गृह मंत्री जी वहां पर सुरक्षा बलों को भेजने की व्यवस्था करेंगे, क्योंकि वहां पर जो लोकल पुलिस है, भाजपा सरकार के नहीं, बल्कि भाजपाइयों के जितने आंतकवादी गुट हैं, मैं बेझिझक कहना चाहती हूं कि पूरी तरह से एक साम्प्रदायिक आंतकवादी लोग हैं, वहां पुलिस प्रशासन उनके कब्जे में है, वहां का भूमि, भवन, संपत्ति भी उनके ही कब्जे में है। वहां जो दीवार बनायी गयी है और जिसकी खबरें अखबारों में भी आई हैं, वह कोई साजिश करने के लिये बनायी गयी है। मस्जिद पर जो बम फटा है, यह भी एक साजिश का अंग है।

मान्यवर, मैं यह भी पूछना चाहती हूं कि जो सर्वदलीय संसदीय दल फैजाबाद और अयोध्या जा रहा है, वह मस्जिद का अवलोकन करेगा या नहीं करेगा? मान्यवर, यह हालात कब तक सुधरेंगे? माननीय माथुर साहब, यहां जिस भाषा का

प्रयोग करते हैं, मैं यह कहना चाहती हूं कि यह पूरी तरह से एक बड़ी साजिश का अंग है। मान्यवर, जिस तरह से इस धर्मनिरपेक्ष राज्य में और इस पवित्र संसद में यह लोग आतंकवादियों के प्रवक्ता बनकर उनको बचाने की कोशिश कर रहे हैं, मैं समझती हूं कि जिस तरह से, माननीय माथुर साहब जिस भाषा का प्रयोग करते हैं वह पूरी तरह से ऐसी भाषा बोलने वाला पद-ग्रहण का पात्र होता है।

